# ओबरा-सी की 660 मेगावाट इकाई विद्युत उत्पादन से जुड़ी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शुक्रवार को और एक बड़ी सफलता मिली। पिछले कई दिनों से उत्पादन ट्रायल के दौर से गुजर रही ओबरा-सी की पहली इकाई को पूरी तरह कामर्शियल उत्पादन से जोड़ने की घोषणा कर दी गई। पिछले 72 घंटे से पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन करने के बाद इस इकाई को राज्य की सेवा में समर्पित किया गया है। इस सफलता के लिए अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश गुप्ता और पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष कुमार गोयल ने निर्माण के काम में जुटी दुसान कंपनी तथा कार्मिकों को बधाई दी है।

## गर्मी के दिनों में बिजली की मांग पूरी हो सकेगी

चेयरमैन डा. आशीष कुमार गोयल ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन अन्य इकाइयों को भी जल्द कामर्शियल उत्पादन से जोड़ा जाए। इस इकाई से उत्पादन शुरू होने से आने वाले गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग को पूरा किया जा सकेगा।